तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 15 फरवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 रेहर गायत्री खदान में बायोमेट्रिक ट्रायल का कर्मचारी उठा रहे फायदा




## खबर संक्षेप

### जुवा खेलवाने वालों पर कार्रवाई, 5 वाहन जब्त




**अंबिकापुर।** जुआ खेलने और खेलवाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के साथ ही 5 बाईक जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोतवाली एवं थाना गांधीनगर अंतर्गत ग्राम फतेहपुर सुखरी नाला के पास एवं अन्य जगहों पर जुआ खेलने एवं खेलवाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम को मामले मे सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया था जिसके बाद दोनों ही थानों की पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस को आते देख आरोपी भाग निकले। गांधीनगर पुलिस ने मौके से 5 बाइक जब्त करने के साथ ही जुआ खेलने और खेलवाने के मामले में बौरीपारा शिकारी रोड निवासी 39 वर्षीय रविकांत जायसवाल आ. स्व. राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल व 33 वर्षीय दिवाकर तिवारी आ. कृष्णा तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धरा 170/126,135 (3) के तहत कार्रवाई कर इस्तगासा न्यायालय पेश किया गया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर जा रहे बाइक सवार को ग्राम बयानपुर के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बरडीह चिटकानीडांड़ निवासी शंकर प्रसाद मरावी आ. चंदर साय (37 वर्ष) 8 फरवरी को काम के सिलसिले में बाइक से शहर आया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम बयानपुर के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। 10 फरवरी को परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक भिड़ंत में पत्नी की मौत, पति घायल

**अम्बिकापुर।** पति के साथ बहन के घर जा रहे बाइक सवार दंपत्ति को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति घायल हो गया जबकि पत्नी की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम झलरिया निवासी सोन पतिया पति राम सूरत (46 वर्ष) शुक्रवार को पति के साथ ग्राम भेण्डारी निवासी बहन के यहां बाइक से जाने के लिए निकली थी। जैसे ही बाइक सवार दंपती राजपुर क्षेत्र के ग्राम कोदोरा मिशन के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति पत्नी घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पिछले साल की तुलना में 50 फीसदी कम मिला गन्ना

# गन्ने की कम आवक होने से शक्कर कारखाना के अस्तित्व पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

- दो नोटिस जारी करने के बावजूद पेराई बंद करने की तैयारी
- उत्पादन घटने के कारण दो सालों से हो रहा नुकसान

सत्र के प्रारंभ से ही गन्ना की आवक कम होने के कारण ग्राम पंचायत केरता स्थित मां महामाया शक्कर कारखाना विपरीत स्थितियों से जूझ रहा है। गन्ने के अभाव में इस बार एक दिन भी कारखाना पूरी क्षमता से नहीं चल सका तथा लगातार संकट से जूझने के बाद अब पेराई सत्र समाप्त करने की तैयारियां की जा रही है।

पिछले दो सालों से गन्ने के रकबे में कमी आने के कारण शक्कर फैक्ट्री के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शक्कर कारखाने की क्षमता प्रतिदिन 2500 मेट्रिक टन गन्ना पेरने की है लेकिन इस बार काफी कम गन्ने की आवक होने के कारण एक दिन भी फैक्ट्री पूरी क्षमता से नहीं चल सकी। जनवरी के प्रारंभ से ही कम होती आवक को बढ़ाने अधिकारी-कर्मचारी लगातार गांव-गांव भ्रमण कर किसानों को फैक्ट्री में गन्ना पहुंचाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं लेकिन स्थिति में बदलाव नहीं आ सका। हालत यह है कम आवक होने के कारण फैक्ट्री कभी 18 घंटे तो कभी 12 घंटे और कभी सिर्फ 8 घंटे ही चल पाई। दो साल पूर्व तक फैक्ट्री के सामने गन्ना लोड वाहनों की कतार लगी रहती थी तथा किसानों को अपनी बारी के लिए दो-तीन दिन तक इंतजार करना पड़ता था जबकि इस बार गन्ना लोड वाहन सीधे यार्ड में पहुंच रहे हैं। पिछले साल भी फैक्ट्री में गन्ने की आवक हुई थी लेकिन अंत तक 2 लाख टन गन्ने की पेराई हुई थी। इस बार यह आंकड़ा सिमटकर 1.11 लाख टन गन्ने पर पहुंच गया है। जिस तरह से गन्ने की आवक हो रही है फैक्ट्री को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है तथा अब लम्बे समय तक फैक्ट्री चलाना संभव नहीं है। प्रबंधन पेराई बंद करने के संबंध में किसानों को दो नोटिस जारी कर चुका है।



### होगी आर्थिक क्षति

क्षमता से कम गन्ने की पेराई होने से कारखाना के शक्कर उत्पादन में कमी आएगी जिससे कारखाना को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रबंधन द्वारा तीन सत्र में कारखाना चलाने कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। प्रबंधन कोविड काल में भी कारखाना का संचालन कर किसानों का सहयोगी बना रहा। जिस तरह से लगातार गन्ने की आवक कम हो रही है। भविष्य में शक्कर कारखाने के अस्तित्व के लिए संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। कोई भी औद्योगिक इकाई नुकसान में चलाना संभव नहीं है ऐसे में आने वाले समय में क्षेत्र के किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### हो रहा नुकसान

गन्ने की कम आवक होने के कारण उत्पादन घट रहा है तथा कारखाना को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गन्ने की आवक नहीं बढ़ी तो किसानों को तीसरी नोटिस जारी कर शीघ्र पेराई बंद कर दी जाएगी।

-आकाशदीप पात्रे
एमडी, मां महामाया शक्कर कारखाना

## महाशिवरात्रि पर आज निकलेगी भगवान शिव की बारात

**अम्बिकापुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को परंपरानुसार सहेली गली स्थित शिव मंदिर से शिवशंकर कीर्तन मंडली द्वारा भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। बारात झूमते-गाते शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं मार्गों का भ्रमण करते हुए पुलिस लाइन स्थित गौरी मंदिर पहुंचेगी जहां भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह रचाया जाएगा साथ ही बारातियों का विविध पकवानों एवं फलों से स्वागत किया जाएगा।

शिव शंकर कीर्तन मंडली महाशिवरात्रि के अवसर पर पिछले 40 वर्षों से अनवरत भगवान शिव की बारात निकाल रही है। शिवशंकर कीर्तन मंडली एवं गौरी मंदिर समिति पिछले एक पखवाड़े से बारात की तैयारियों में जुटी है। बारात के पूर्व शनिवार को सहेली गली स्थित शिव मंदिर में मंडप एवं हल्दी की रस्में पूरी की गई। परम्परानुसार लोकगीतों की मधुर ध्वनियों के बीच सदस्यों ने पहले मंडप तैयार किया फिर विधि विधान से भगवान शिव की हल्दी की रस्म पूरी की गई। पहले पुरूष सदस्यों ने भगवान को हल्दी लगाई फिर महिलाओं ने हल्दी की रस्म पूरी की। हल्दी उपरांत लोकगीत एवं भजनों की प्रस्तुति उपरांत महाआरती की गई। इस दौरान भगवान के मौर की भी पूजा की गई। बारात निकासी के पूर्व भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद लिया। कार्यक्रम प्रभारी संजय मिश्रा एवं भोलानाथ विश्वकर्मा ने बताया कि बारात की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को अपराह्न 2 बजे से सहेली गली स्थित शिव मंदिर से बारात निकाली जाएगी। बारात के आगे भगवान शिव का रथ चलेगा जबकि पीछे-पीछे भजन मंडलियों एवं बैण्ड बाजा सहित अन्य वादक-गायक कलाकार व श्रद्धालु चलेंगे। समिति द्वारा बारातियों के लिए विशेष ठंडई की व्यवस्था की गई है।



## राष्ट्रीय कोच राजेश का चयन आल इंडिया सिविल सर्विस बास्केटबॉल प्रतियोगिता में

**सरगुजा।** सरगुजा के राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच राजेश प्रताप सिंह का चयन आल इंडिया सिविल सर्विस बास्केटबॉल प्रतियोगिता दिल्ली के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 17 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक दिल्ली में आयोजित की जाएगी।



विशेष बात यह है कि लगातार पांच वर्षों से उनका चयन इस टीम में हो रहा है जो उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह विगत कई वर्षों से सरगुजा जिले में बास्केटबॉल खेल को सवांरते में तन-मन से सेवा देते आ रहें और साथ ही सहित विभिन्न खेलों के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिले के अनेक खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सबसे बड़े राष्ट्रीय खेल मंच खेलों इंडिया में सरगुजा जिला के कई खिलाड़ी खेल प्रत्येक वर्ष भाग ले रहें हैं और स्वयं भी विगत पांच वर्षों से लगातार खेलों इंडिया में कोच/मैनेजर के रूप सम्मिलित हो रहें हैं।, सबसे बड़ी बात कि खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभावान और आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ी भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया की सरगुजा जिले में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बास्केटबॉल के साथ-साथ अन्य खेलों को भी संगठित रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल संसाधनों की उपलब्धता और अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

### आजीविका का माध्यम बन रहा मछली पालन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में मछली पालन ग्रामीण आजीविका के एक सशक्त और टिकाऊ विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित डबरियों, अमृत सरोवरों तथा सिंचाई जलाशयों का उपयोग कर मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि महिलाओं और किसानों को आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में नई मजबूती मिल रही है। एमसीबी जिले के तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में विगत वर्षों में 780 से अधिक डबरियों का निर्माण किया गया है, इसके अतिरिक्त मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत निर्मित 87 अमृत सरोवरों में से चयनित 15 अमृत सरोवरों में इस वर्ष मछली पालन प्रारंभ किया गया है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं इस गतिविधि से जुड़कर आय अर्जित कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही हैं। मछली पालन से ग्रामीणों को दोहरा लाभ मिल रहा है। एक ओर यह आय का स्थायी स्त्रोत बन रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों के पोषण स्तर में भी सुधार हो रहा है।

## नाबालिग का हत्यारा निकला चचेरा भाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जंगल में नाबालिग की हत्या करने के मामले में पुलिस ने न सिर्फ अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा दी बल्कि हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि नाबालिग की हत्या कोई और नहीं बल्कि उसके चचेरा भाई ने किया था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम महोरा निवासी मंगलू पंडो ने 11 फरवरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 वर्षीय लालसाय के मोबाइल नम्बर से उसके साला मंगलसाय के मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि लाल साय की हत्या हो गई है और वह गहुआ भादा जंगल में पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन अन्य लोगों के साथ मौके पर जाकर लालसाय की खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। जिस पर अंधेरा होने से वापस घर आ गए। दूसरे दिन गांव के अन्य लोगों के साथ जंगल में खोजबीन की तो लाल साय का शव रास्ते में मिला और मृतक के गले में चोट निशान मिला। रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायमी उपरान्त अज्ञात के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

थाना प्रेमनगर पुलिस ने विवेचना दौरान संदेही महरो खेखरा नाला निवासी देवसाय पण्डो उर्फ देवान आ. महाबली पण्डो (28 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर देवसाय ने बताया कि मंगलू व लालसाय से जमीन बंटवारा को लेकर विवाद हुआ उसी समय से दोनों को मारने की ताक में था। 11 फरवरी को अपने निर्माणाधीन मकान के पास झाला में था उसी समय चचेरा भाई लालसाय अपने घर के पीछे बाडी में निकला। जिसे अपने झाला में बुलाया और जमीन विवाद को लेकर वाद विवाद किया और लालसाय से बात करते हुए अपने 3 वर्ष के बच्चे को लेकर नदी में नहलाने ले गया साथ में टांगी रखा था। बच्चे को नहलाने के बाद लालसाय से विवाद बढ़ने पर लालसाय को पुल भादा जंगल में ले जाकर टांगी से गले में प्रहार कर दिया। लालसाय वहां गिर गया और इसी दौरान उसका मोबाईल भी वहीं गिर गया तब लालसाय वहां से उठकर भागा और गहुंआ भादा के आकर गिर गया। जहां पुनः टांगी से गले में प्रहार कर दिया और वहीं से लालसाय के मोबाईल से उसके मामा मंगलसाय को फोन किया और मोबाईल व सीम को झाड़ियों में फेंक दिया।



पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर मृतक का की-पैड मोबाईल व टूटा हुआ सीम, मोबाईल का बैट्री व घटना में प्रयुक्त टांगी जब्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र पटेल, विनय किस्पोट्टा, आरक्षक सत्यम सिंह, दीपक यादव, हरिशदास, नागेन्द्र राजवाड़े, गोरेश्वर सिंह, राजू उईके व महिला आरक्षक सिंधू कुजूर सक्रिय रहे।

## गांजा तस्करी के मामले में नाबालिग समेत 2 आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले की शंकरगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 केजी 204 केजी गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत कार्रवाई की है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की भागवतपुर मोड़ के आगे नर्सरी आम बगीचा के समीप दो लोग गांजा तस्करी के लिए बाइक से आने वाले है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बगीचा के समीप घेराबंदी की .इस दौरान गम्हारडीह की ओर से पैशन प्रो बाइक क्रमांक सीजी 13 व्ही 3982 में दो व्यक्ति पगडण्डी रास्ता होते हुए भागवतपुर की ओर आते दिखे। पुलिस ने जब बाइक सवारों को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया तो आरोपी भागने लगे। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवारों को पकड़ने के साथ ही आरोपियों की पहचान कोरबा जिले के जमनीपाली इन्द्रानगर शिव मंदिर रोड निवासी 27 वर्षीय छवि उर्फ मोनू साहू आ. तेज राज साहू व विधि से संघर्षरत बालक के रूप में की गई। आरोपियों के पास मौजूद बैग की तलाशी लेने के दौरान उनके पास से 4 किलो 204 ग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत लगभग दो लाख दस हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा को जब्त करने के साथ ही एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) (।।)(अ)(आ) के तहत कार्रवाई की गई है।



### मवेशी तस्करी में शामिल वाहन मालिक गिरफ्तार

**राजपुर।** बरियों पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के अंतर्गत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आरा के कुछ लोग झारखंड के तस्करों के साथ मिलकर मवेशियों को बूचड़खाने भेजने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी बरियों उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह स्टाफ के साथ ग्राम आरा सरनापारा पहुंचे।

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का समापन

**अंबिकापुर।** जिला स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 फरवरी तक जिला मुख्यालय अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम, पीजी कॉलेज मैदान, बैडमिंटन हॉल एवं सेंट जेवियर स्कूल मैदान में किया गया।

प्रतियोगिता का समापन समारोह गांधी स्टेडियम मैदान में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेन्द्र लखपाले रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राम कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मी., 200 मी., 400 मी. दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, 4 बाई 100 मीटर रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल की स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में कुल 941 पुरुष एवं 802 महिला खिलाड़ी तथा 100 कोच, मैनेजर, निर्णायक सम्मिलित हुए। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों के लिए खेल परिधान, आवास, भोजन एवं यातायात की व्यवस्था की गई। व्यक्तिगत खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को क्रमशः 2000, 1500 एवं 1000 तथा टीम खेलों में क्रमशः 4000, 3000 एवं 2000 रूपए की की नगद पुरस्कार राशि ऑनलाइन खिलाड़ियों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।



## छत्तीसगढ़ी के साथ स्थानीय कलाकारों ने मैनपाट में दी प्रस्तुति

# भोजपुरी गायक मनोज तिवारी की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**अंबिकापुर।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव में कलाकारों ने सांस्क्रतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। रोपाखार जलाशय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी और स्थानीय कलाकरों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर शमा बांध दिया।



कार्यक्रम के पहले दिन मैनपाट महोत्सव में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों में ओ राजा जी ऐकरे त रहल हो हां जरूरत महूरत खुबसूरत हो और रिंकिया के पापा गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने लोकप्रिय भोजपुरी गीतों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट सज रहा है गीत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जिले को प्रदान की गई 500 करोड़ से अधिक की विकास कार्यों की सौगातों का उल्लेख करते हुए,राज्य सरकार की विकासपरक नीतियों की सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया हमको आज लग रहा है गीत से अभिवादन किया। विकास और संस्कृति के इस संगम ने दर्शकों में उत्साह का संचार किया और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके साथ ही रिदम व्हिसल रॉक बैंड की ऊर्जावान शुरुआत कार्यक्रम का शुभारंभ रिदम व्हिसल रॉक बैंड द्वारा लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों की आकर्षक प्रस्तुति से हुआ। बैंड के सधे हुए वादन, आधुनिक संगीत संयोजन और जोशपूर्ण अंदाज ने शुरुआत से ही माहौल को जीवंत बना दिया। ओडिसी नृत्य की गरिमा विधि सेन गुप्ता ने ओडिसी नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर शास्त्रीय नृत्य की उत्कृष्टता को मंच पर जीवंत किया। कथक की मनमोहक प्रस्तुति आनंदिता तिवारी एवं रित्विका बनर्जी ने कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। पांवों की सटीक थाप, सुंदर गति और ताल के साथ सामंजस्य ने शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

### आयुष नामदेव की प्रस्तुति ने बांधा समा

मैनपाट महोत्सव के उदघाटन अवसर पर सीएम के आगमन के पूर्व सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय गायक आयुष नामदेव ने अपनी पूरी सियाधेश म्यूजिक बैंड रायपुर के साथ मंच संभाला और अपने सुरों से ऐसा समा बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति और मधुर आवाज ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। युवा वर्ग से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। महोत्सव के आगामी आयोजनों में देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों की भी भव्य प्रस्तुतियां होंगी। जिनमें बॉलीवुड की मशहूर गायिका कनिका कपूर, छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका अलका चंद्राकर अपनी प्रस्तुतियों से महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे।



## ननि प्रशासनिक भवन के उद्घाटन से पार्षदों को दूर रखना मतदाताओं का अपमान : शफी

**अम्बिकापुर।** ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने नगर निगम के नए भवन का उद्घाटन आनन-फानन और गोपनीय तरीके से किए जाने को लोकतंत्र, पारदर्शिता और स्थानीय स्वशासन की भावना पर सीधा हमला बताया है।

उन्होंने कहा यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जनता द्वारा चुने गए पार्षद, जो नगर निगम की रीढ़ हैं, उन्हें इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सूचना तक नहीं दी गई। क्या नगर निगम किसी एक दल या व्यक्ति की निजी संपत्ति है, या यह जनता के जनादेश से चलने वाली संस्था है। उन्होंने कहा कि पार्षद अपने-अपने वार्ड की समस्याओं के समाधान और योजनाओं की निगरानी में निरंतर सक्रिय रहते हैं। ऐसे में शहर के सबसे बड़े प्रशासनिक भवन के उद्घाटन से उन्हें दूर रखना न केवल उनका, बल्कि उन हजारों मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर भेजा है। यह घटना सरकार की तानाशाही मानसिकता और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति असम्मान को दर्शाती है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक कार्यक्रमों को राजनीतिक मंच बनाकर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अलग-थलग करना लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है। उन्होंने वर्तमान लोकार्पण को न मानते हुए नगर निगम के नए प्रशासनिक भवन का गरिमामय समारोह आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति पुनः लोकार्पण कराने की मांग की है।



**खबर संक्षेप**



## शिवनंदनपुर प्राथमिक शाला में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

बिश्रामपुर। शासकीय प्राथमिक शाला कन्या शिवनंदनपुर में सोमवार को संस्कार और कृतज्ञता के साथ स्कूली बच्चों ने मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया,इस भावुक कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा की भावना जागृत करना था,कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने वैदिक परंपरा के अनुसार अपने माता-पिता का तिलक लगाकर,पुष्प अर्पित कर और आरती उतारकर पूजन किया,अपने बच्चों से मिले इस सम्मान को देख कई अभिभावकों की आंखें भर आईं,विद्यालय की प्रधान पाठिका दयामणी लकड़ा ने कहा कि माता-पिता ही बच्चों के पहले गुरु होते हैं,ऐसे आयोजनों से बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है,जन शिक्षक गौरीशंकर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का बीजारोपण अत्यंत आवश्यक है,इस अवसर पर शाला की शिक्षिका मनीषा और संजू ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है,कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने अपने माता-पिता के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया और आजीवन सम्मान करने का संकल्प लिया।

## पीएम श्री सेजेस परिसर में विद्यार्थियों ने लगाए सांस्कृतिक प्रदर्शनी



प्रेमनगर। पीएम श्री सेजेस में शुक्रवार को सांस्कृतिक प्रदर्शनी धरोहर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित विविध आकर्षक मॉडल, कला एवं शिल्प प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों के रचनात्मकता एवं नवाचार प्रदर्शन का अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा लोक नृत्य, देशभक्ति गीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच प्रदान करती है और उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा देती है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया जगते, शिवनंदन सिंह मरावी, विजय सिरदार, श्रीमती कंचन श्याम, रामध्यान सिंह, धन सिंह बंजारा, प्रदीप साहू, विवेक पाण्डेय, रामदेव यादव, सुरेश यादव, धनपत सिंह, सूरज सिंह, दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

### उपस्थिति दर्ज कराकर घर लौट जाते है कर्मचारी

# रेहर गायत्री खदान में बायोमेट्रिक ट्रायल का कर्मचारी उठा रहे फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

रेहर ग्रायत्री खदान में कर्मचारियों ड्यूटी पर है या नहीं तथा उपस्थिति नियमित दर्ज हो इसके लिए डिजीटल प्रणाली बायोमेट्रिक ट्रायल किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि कर्मचारी काम पर आते है लेकिन बायोमेट्रिक ट्रायल का फायदा उठाकर महज हाजरी लगा कर ही घर चले जाते है जबकि कर्मचारियों को कंपनी द्वारा पूरा वेतन दी जाती है। ऐसे में हाजिरी के बाद ड्यूटी नहीं करने से कंपनी को लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**खास बात**
- कंपनी को हर महीने उठाना पड़ रहा लाखों का नुकसान

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत रेहर और गायत्री खदान में ड्यूटी प्रणाली को लेकर गंभीर अनियमितताओं बरती जा रही है। सूत्रों के मुताबिक सुबह पाली में ड्यूटी करने वाले कुछ कर्मचारी खदान में सिर्फ हाजिरी दर्ज कराकर वापस घर लौट जाते हैं, जबकि कंपनी से उन्हें पूर्ण वेतन का भुगतान किया जा रहा है। रेहर और गायत्री खदान में लगभग डेढ़ दर्जन ऐसे कर्मचारी हैं, जो नियमित रूप से खदान में उपस्थिति दर्ज कराते हैं, लेकिन कार्यस्थल पर वास्तविक रूप से मौजूद नहीं रहते। बावजूद इसके उन्हें हर माह लाखों रुपये का वेतन मिल रहा है। इस लापरवाही से कंपनी को हर महीने लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इधर मेहनत से काम करने वाले कर्मचारियों के बीच असंतोष भी बढ़ रहा है। उत्पादन और सुरक्षा जैसे संवेदनशील कार्यों में वास्तविक उपस्थिति अनिवार्य है, बावजूद इसके इस तरह की ढिलाई समझ से परे है। सूत्रों के अनुसार उपस्थिति प्रणाली डिजिटल बायोमेट्रिक लगाया गया है लेकिन अभी तक सिर्फ ट्रायल ही चल रहा है। कर्मचारी सिर्फ डिजिटल बायोमेट्रिक का उपयोग इन के लिए करते है जबकि ड्यूटी खत्म होने के बाद आऊट के लिए भी करना चाहिए जिससे समय तक कर्मचारी उपस्थित रह सके।




रेहर गायत्री खदान

### अनहोनी होने पर जिम्मेदारी तय करना मुश्किल

खदान में कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक का ट्रायल चल रहा है जो सुरक्षा के पहले से जुड़ा है। खदान परिसर में हाजिरी दर्ज कर्मचारी की अनुपस्थिति के दौरान कोई दुर्घटना या अनहोनी हो जाती है, तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में प्रबंधन को जवाबदेही के कटघरे में खड़ा होना पड़ सकता है। खदान क्षेत्र जैसे संवेदनशील स्थान पर इस प्रकार की अनियमितता भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### बायोमैट्रिक से कर्मचारियों की बनेगी सैलरी

हाजरी लगाकर कर्मचारी काम नहीं करते और वापस घर लौट जाते है इसकी जानकारी नहीं है। इस बार बायोमैट्रिक में कोई सुधार नहीं होगा और बायोमैट्रिक से इन, आउट होगा और उसी से सैलरी बनेगी। मैनेजर से बात करता हूं कि कितने लोग हाजरी लगाकर वापस घर चले जाते है।

**-प्रशांत शर्मा**, आरजी के सहक्षेत्र प्रबंधक

# खेल प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम बना सरगुजा ओलंपिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



**■ जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का हुआ समापन**

स्टेडियम ग्राउंड में समस्त विकासखंड से पहुंचे खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक कार्यक्रम के समापन दिवस पर सीनियर वर्ग से प्रतिभागियों के अपनी उम्मीद्वारी दर्ज कर शानदार खेल का प्रदर्शन किया और उपस्थित दर्शको मंत्र मुग्ध किया। दो दिवसीय जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक में जहां 12 फरवरी को जूनिवर वर्ग से 1068 प्रतिभागियों ने अपने उम्मीद्वारी दर्ज की, वहीं सीनियर वर्ग से समापन दिवस पर 1189 प्रतिभागियों ने अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन के अवसर पर पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष व जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ने कहा कि पिछले दो दिनों में जो ऊर्जा, जो जोश, जो जूनुन देखा है। जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया वह सराहनीय है। उन्होने कहा सभी प्रतिभागी विजेता है, क्योंकि खेल का असली सार जीत या हार मे नही बल्कि भागीदारी व खेल भावना में है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि जब किसी जिले के मैदान खिलाडियों से भरे होते हैं तो समझिए कि वह जिला स्वस्थ है, ऊर्जावान है और प्रगति की राह पर है। खेल अनुशासन सिखाता है, टीम भावना सिखाता है, हार के बाद उठने का होसला देता है और जीत में विनम्र रहने का संस्कार देता है। जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और सरगुजा ओलंपिक युवाओं के प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक प्रयास है। खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डे ने बताया कि जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक के समापन दिवस पर समस्त विकासखंड से सीनियर वर्ग अतंर्गत लगभग 1189 प्रतिभागियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग मे 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला व पुरुष प्रतिभागी रहें। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुकेश गर्ग, मुरली मनोहर सोनी, अजय गोयल, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, नीरज गुप्ता, कृष्ण कुमार गोयल,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जनपद सदस्य ने छोटे झाड़ के जंगल में किया अवैध कब्जा, प्रशासन ने की कार्रवाई



**रामानुजनगर।** ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर में शासकीय वन भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गाँव के जनपद सदस्य शमशेर ख़ान द्वारा छोटे झाड़ के जंगल वाली भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का बाउंड्रीवाल बनाकर मकान का निर्माण कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत प्रशासन से की, जिसके बाद जांच में प्रथम दृष्टया कब्जा अवैध पाया गया। शिकायत के आधार पर तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय वन भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण या कब्जा कानूनन अपराध है और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि यदि समय रहते रोक नहीं लगती तो सरकारी भूमि पर स्थायी निर्माण हो जाता, जिससे भविष्य में जमीन खाली कराना मुश्किल हो जाता। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण या कब्जे के अन्य मामलों की भी जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## ज्ञानोत्सव में बजरंग मुनि और कृषि मंत्री ने दिया विचारशील समाज का संदेश

**रामानुजगंज।** ज्ञान यज्ञ परिवार के तत्वावधान में धर्मशाला परिसर में आयोजित पांच दिवसीय ज्ञानोत्सव के दूसरे दिन सामाजिक चिंतक बजरंग मुनि एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने समाज में वैचारिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलिक विचारक एवं चिंतक बजरंग मुनि ने कहा कि रामानुजगंज एक आदर्श नगर रहा है और इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि केवल भौतिक विकास पर्याप्त नहीं है, बल्कि बौद्धिक और वैचारिक विकास भी उतना ही आवश्यक है। समाज को दिशा देने के लिए विचारवान व्यक्तित्वों की आवश्यकता है, जो नई पीढ़ी को सही मार्गदर्शन दे सकें। मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने ज्ञान यज्ञ परिवार द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक एवं बौद्धिक आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने समाज में चिंतनशील और जागरूक नागरिकों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विचारों की समृद्धि से ही समाज मजबूत बनता है। इस दौरान पुष्पा नेताम, नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। धर्मशाला परिसर में आयोजित ज्ञानोत्सव अंतर्गत प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखी जा रही है।





## लरंगसाय चौक की जर्जर सड़क का हुआ डामरीकरण, लोगों को धूल से राहत

**रामानुजगंज।** नगर के सबसे व्यस्त क्षेत्रों में शामिल लरंगसाय चौक से 100 बिस्तर अस्पताल मार्ग तक की खस्ताहाल जर्जर सड़क का लोक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण करा दिए जाने से मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि विगत एक वर्ष से अधिक समय से लरंगसाय चौक से वाड्रफनगर सड़क पर नहर समीप बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से सड़क की स्थिति दयनीय हो गई थी। यह मार्ग नगर का प्रमुख और व्यस्त मार्ग है, जहां से लोग 100 बिस्तर अस्पताल वाड्रफनगर रोड के लिए आवागमन करते हैं। दिनभर भारी आवाजाही लगी रहती है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण उड़ती धूल से लोग परेशान थे और कई लोग बीमार भी पड़ने लगे थे। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार सड़क मरम्मत की मांग की गई थी। इस संबंध में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल को भी अवगत कराया गया था। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय भारती से मुलाकात कर सड़क मरम्मत शीघ्र कराने की मांग की। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सड़क का डामरीकरण कराया गया। सड़क बन जाने से क्षेत्र में धूल की समस्या से लोगों को काफी राहत मिली है। मेडिकल दुकान संचालक लालमन सोनी ने बताया कि सड़क काफी जर्जर हो गई थी और सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे जिससे उड़ने वाले धूल के कारण दुकान में बैठना मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत हो जाने से अब राहत मिली है। सड़क की बदहाली से परेशान स्थानीय निवासी रामेश्वर गुप्ता ने कहा कि धूल घरों के अंदर तक पहुंच रही थी, जिससे बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य बीमार पड़ रहे थे, लेकिन अब सड़क बनने से स्थिति में सुधार आया है।

**FOR CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, TERESA (Service Birendra Document), mother of Birendra Toppo, presently residing at Vill Ghorgadi, PO Sewari, Teh - Rajpur, Distt Balrampur, State Chhattisgarh, PIN 497118, hereby declare that I have changed my name and date of birth from TERESA, DOB 08 September 1954 to SANJHO TOPPO, DOB 01 January 1958 vide Affidavit dated 09/02/2026, executed at Rajpur Court, Chhattisgarh. State

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

Apollo Cancer Centres
"कैंसर पर जीत संभव है"
और अब यह इलाज Navjeevan Cancer Hospital, Ambikapur में भी उपलब्ध होगा Apollo ke विशेषज्ञ onco-surgeon के साथ।
प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को
दिनांक 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार समय - सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
कैंसर के लक्षण
• मोल्स या मस्सा में स्पष्ट परिवर्तन • महिलाओं की बच्चेदानी में सूजन या गांठ • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
• मल एवं पेशाब में दर्द व रक्त • त्वचा का काला या पीला पड़ना • गले में लगातार दर्द का होना
• मुंह में लगातार छाले होना • लगातार उल्टी, दस्त व अपचन • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
डॉ.अमोल पड़ेगांवकर
एम.एस.डी.एन.बी. (सर्जिकल ऑंकोलॉजी)
सलाहकार व चिकित्सक अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर
नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल 98938 95889, 9479131664, 7777879370

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 22 फरवरी, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 फरवरी, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 फरवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 1 मार्च 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 फरवरी 2026) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द
• साइटिका
• गर्दन का दर्द
• नसों का दर्द
• चेहरे पर करेंट जैसा दर्द
• या दांतों का दर्द
• कैंसर का दर्द
• घुटने या जोड़ों का दर्द
• अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज
• TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज
• लेजर रेडिओफ्रेक्वेंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज
• स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy)
• ओज़ोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ. अमित जैन
MS,MCH (Neurosurgery)
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
डॉ. अभिषेक कौशले
BLOOD BANK CENTER
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस / सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुशांत
MBBS,MD (General medicine) DNB Neurology Resident RKCH Raipur
+ मस्तिष्क आघात,मस्तिष्क में संक्रमण
+ मिर्गी आना,ब्रेन ट्यमर,अल्जाइमर
+ मस्तिष्क की धमनी में विस्फार
+ माइग्रेन होना,पार्किनसन्स बीमारी
15 फरवरी 2026 माह के तीसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...






























## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** न्यायालय आ रहे बाइक सवार को केरता मोड़ के समीप कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार ग्रामीण की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम मगरहारा निवासी कहतु राम आ. रामजीत (52 वर्ष) शुक्रवार को बेटा सुमन कुमार के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में न्यायालय जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार केरता मोड़ के महान नदी के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में सुमन को मामूली चोटें आई जबकि कहतु राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन निजी वाहन से घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अंचल स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता में मैनपाट की टीम प्रथम



**अम्बिकापुर।** रामानुज क्लब में गुरूवार को अंचल स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की 10 टीमों के 150 लोगों ने भागीदारी की। प्रथम सत्र का उद्घाटन सीनियर सिटीजन फोरम के पूर्व अध्यक्ष विष्णुप्रताप अग्रवाल तथा द्वितीय सत्र का उद्घाटन फोरम के अध्यक्ष आई.बी. तिवारी ने किया। इस दौरान अध्यक्ष भगवानदास बंसल, संभागीय सचिव वार्ष्णेय जायसवाल, भाग अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, अंचल अध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, हरिकथा अध्यक्ष श्रीमती किरण सोनी, नीलम पाण्डेय , आशीष गर्ग, शुभम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। निर्णायक समिति में ज्योत्सना पलवलकर, अजय तिवारी, गोपाल पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, विवेक विदुर शामिल थे। प्रतिभागी टीम के सदस्यों ने भजन व नृत्य की प्रस्तुतियां दी। प्रदर्शन के आधार पर मैनपाट की टीम प्रथम, उदयपुर की द्वितीय एवं लखनपुर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### एनएसएस के शिविर में नशा मुक्ति का दिया गया संदेश



**बलरामपुर।** शासकीय महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम पंचायत सतीसेमर में 7 से 13 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य व जिला संगठक प्रो. नंद कुमार देवांगन की अध्यक्षता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एनके सिंह के मार्गदर्शन आयोजित शिविर में नशा मुक्त भारत के लिए युवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए। स्वयं सेवकों ने रैली, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं संवाद सत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। शिविर के दौरान ग्राम सतीसेमर में सर्वेक्षण कर ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को चिन्हांकित किया गया। स्वयंसेवकों ने शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित विषयों पर सक्रिय भागीदारी निभाई। सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजनीति विज्ञान विषय की सहायक प्राध्यापक डॉ. अर्चना गुप्ता शामिल हुई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश राठौर एवं प्रतापदेव तिवारी शामिल हुए। शिविर का प्रतिवेदन वाचन सहायक कार्यक्रम अधिकारी आनंद चौबे ने किया।

## निधन

### निखिल कांत दत्ता

**अम्बिकापुर।** शहर के चांदनी चौक मायापुर निवासी एवं जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी निखिलकांत दत्ता का शनिवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ रह रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9 बजे उनके आवास से शंकर घाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे समाजसेवी सुश्री वंदना दत्ता एवं अवकाश प्राप्त प्राचार्य एनके दत्ता के भ्राता तथा जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य नितिन कांत दत्ता के पिता थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



वन विभाग ने यूकेलिप्टस से भरा ट्रक किया जब्त, विभिन्न राज्यों में खपा रहे लकड़ी

# यूपी के तस्कर अवैध से रूप काट रहे नीलगिरी के पेड़, जमकर हो रही तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सरगुजा में यूके लिप्ट्स के पेड़ों की अवैध रूप से कटाई और लकड़ी तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर बेखौफ होकर आस पास के क्षेत्रों से नीलगिरी के पेड़ों की कटाई करने के साथ ही उनकी तस्करी कर रहे है। इस बात की पुष्टि एक बार फिर वन विभाग की कार्रवाई से हुई है। वन विभाग ने अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों द्वारा बिना अनुमति काटी गई लकड़ी समेत ट्रक को जब्त कर लिया है। जब्त वाहन में भारी मात्रा में नीलगिरी प्रजाति की लकड़ी लोड थी। जिसे अंतर्राज्यीय तस्कर यूपी ले जाकर खपाने की तैयारी में थे। इससे पहले की वो अपने मंसूबे में कामयाब हो पाते वन विभाग ने लकड़ी समेत ट्रक को जब्त करते हुए अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग की इस कार्यवाही से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

- तस्करों द्वारा अवैध रूप से काटी गई यूकेलिप्टस
- लकड़ी समेत ट्रक वन विभाग ने किया जब्त

विदित हो कि विगत लंबे समय से क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध रूप से नीलगिरी आम खम्हार आदि प्रजाति के पेड़ों की कटाई जोरो पर है। यूपी समेत अन्य प्रांतों से आए लकड़ी तस्कर धड़ल्ले से क्षेत्र में अपने मंसूबो को अंजाम दे रहे है। क्षेत्र में अपनी पैठ बना चुके अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर गांव के भोले भाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लेकर औने पौने दाम पर पेड़ खरीदते हैं जिसके बाद बिना किसी अनुमति के उसकी कटाई करते हुए उसे यूपी बिहार बंगाल ले जाकर खपाते है। जहां इन लकड़ी तस्करों को लकड़ी के बदले मुंहमांगी कीमत मिलती है। लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्कर स्थानीय दलालों की मदद से राजनीति संरक्षण भी प्राप्त कर लेते है जो इनके रास्ते में आने वाली हर तरह की बाधाओं को दूर करते है। यही वजह है कि क्षेत्र में अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर लंबे समय से डटे हुए है और बेखौफ होकर बिना अनुमति लकड़ी कटाई कर रहे है जबकि लकड़ी कटाई के लिए शासन द्वारा कुछ नियम बनाये गए हैं जिसे पूरा करना अनिवार्य है। शासन द्वारा बनाए गए नियमों के लिए एक लंबी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसमे काफी वक्त लग जाता है। राजनीति संरक्षण प्राप्त अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर शासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से क्षेत्र में लकड़ी कटाई कर रहे है।



**30 टन लकड़ी लोड**

क्षेत्र में अंतरराज्यीय तस्कर किस कदर बेखौफ होकर नीलगिरी पेड़ों की कटाई करने के साथ ही प्रतिदिन लाखों की लकड़ी की तस्करी कर रहे है इस बात का अंदाजा वन विभाग की कार्रवाई से लगाया जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने नीलगिरी के लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा है। ट्रक में नीलगिरी प्रजाति का पेड़ लोड था जिसे तस्करों ने बिना अनुमति के काटा था। अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर इस लकड़ी को ट्रक क्रमांक यूपी 62 बीटी 8461 में लाद कर यूपी ले जाकर खपाने की तैयारी में थे इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने ग्राम चलता से अवैध लकड़ी समेत ट्रक जब्त कर लिया। ट्रक में लगभग 30 टन नीलगिरी प्रजाति की लकड़ी लोड है जिसकी कीमत अंतर्राज्यीय बाजार में लाखों रुपए बताई जा रही है।इस मामले में वन विभाग ने ट्रक चालक यूपी प्रयागराज अहमदपूरा असरौली निवासी 27 वर्षीय अकमल आ. असलम को गिरफ्तार करने के साथ ही लकड़ी व ट्रक जब्त किया है। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम की धारा 52(1), 33(1), 41 समेत अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में रेंजर विजय कुमार तिवारी, रमेश मंडावी, राजेश यादव, त्रिभुवन सिंह, राजू बेक, जुवेल बरवा, अविनाश किंडो सक्रिय रहे।

## धान लोड ट्रक की टक्कर बोलेरो सवार मजदूर की मौत



**अम्बिकापुर।** मैनपाट मोड़ के समीप धान लोड ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बोलेरो को टक्कर मार दी। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद ट्रक व बोलेरो सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में बोलेरो सवार एक मजदूर की मौत हो गई जबकि घायल दूसरे मजदूर का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार मैनपाट नर्मदापुर निवासी विजय कुमार मांझी आ. कुदुल मांझी (27 वर्ष) मजदूरी का काम करता था। गत दिन बोलेरो क्रमांक सीजी 15 सीयू 8108 को किराए में लेकर विजय सहित गांव के ही कुछ मजदूर दूसरे क्षेत्र में काम करने जाने के लिए निकले। बोलेरो चालक ने मजदूरों को शहर लेकर पहुंचा तो विजय व उसके एक साथी ने दूसरे क्षेत्र में काम पर नहीं जाने की इच्छा जाहिर की जिस पर विजय और उसके साथी बोलेरो से वापस घर लौट रहे थे। सत्यम जैसे ही बोलेरो लेकर जैसे ही मैनपाट मोड़ के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे धान लोड ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएच 5501 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बोलेरो को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद ट्रक व बोलेरो सड़क किनारे पलट गई जिससे बोलेरो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल विजय को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जबकि सत्यम व एक अन्य मजदूर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं देर रात मजदूर विजय की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी

**दरिमा।** पुलिस की लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं तथा चोर आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। शुक्रवार की शाम करजी चौक पर सड़क किनारे स्थित घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। शुक्रवार की शाम महेन्द्र सिंह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 9719 को करजी चौक पर अपने घर के सामने खड़ी कर कही गए थे। कुछ देर बाद लौटे तो बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास के लोगों से बाइक के संबंध में पूछताछ की तथा इधर उधर तलाश भी किया लेकिन वाहन की कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने दरिमा थाना पहुंचा तो पुलिसकर्मियों ने पहले स्वयं चोरी हुए वाहन को तलाशने तथा नहीं मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह देकर बैरंग लौटा दिया। पुलिस की इस तरह की समझाइश से परेशान पीड़ित लोगों से चोरों को तलाशने का तरीका पूछ रहा है। दरिमा पुलिस की असंवेदनशीलता एवं लापरवाही से लोगों में भारी नाराजगी है।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से वनांचल के सुदूर क्षेत्र में पहुंचेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर

जंगलों के बीच बसे जिन टोलों ने पीढ़ियों तक अंधेरे को अपनी नियति मान लिया था, वहां अब उजाले की पहली किरण पहुंचने जा रही है। जिले के ओड़गी विकासखंड के तीन सुदूर ग्रामों में आजादी के दशकों बाद पहली बार नियमित बिजली पहुंचाने के लिए 3 करोड़ 6 लाख 92 हजार 670 रुपये की बड़ी स्वीकृति जारी की गई है। यह महत्वपूर्ण पहल कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से संभव हो पाई है।

जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मसंकी, बांक और असुरा के कई मजरा-टोले अब तक मुख्य विद्युत लाइन से कटे हुए थे। रात ढलते ही यहां घना अंधेरा छा जाता था और ग्रामीण ढिबरी या सीमित सोलर लाइट के सहारे जीवन यापन करने को विवश थे। बच्चों की पढ़ाई, किसानों का कार्य और सामान्य जनजीवन अंधेरे की मार झेल रहा था। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ऊर्जा विभाग और राज्य स्तर पर पहल कर इन टोलों के विद्युतीकरण का प्रस्ताव आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत स्वीकृत इस राशि से ग्राम मसंकी के लुक भुकिया और पतेरीपारा, ग्राम बांक के खासपारा और स्कूलपारा तथा ग्राम असुरा के खासपारा, पण्डोपारा और असुरा 1 में विद्युत विस्तार कार्य किया जाएगा। करोड़ों की लागत से होने वाला यह कार्य न केवल घरों को रोशन करेगा, बल्कि शिक्षा, कृषि और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। सबसे बड़ी चुनौती वन भूमि की अनुमति थी। संबंधित टोले घने जंगलों के बीच स्थित हैं, इसलिए विशेष स्वीकृति आवश्यक थी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर विभागीय स्तर पर आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया गया है और अब शीघ्र ही जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश का कोई भी घर अंधेरे में न रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्युत सुविधा उपलब्ध होने से बच्चों को अध्ययन में सुविधा मिलेगी, किसानों को कृषि कार्यों में सहूलियत होगी तथा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और लघु उद्यमों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल वनांचल क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी



- 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हुई स्वीकृत

### खेल शिक्षकों व छात्रों को वितरित किया गया फुटबॉल



**अम्बिकापुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश झा के मुख्य आतिथ्य में फुटबॉल वितरित किया गया। नवोदय विद्यालय समिति और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल से स्कूलों में फुटबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप प्राचार्य राजू दुबे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने जिले के विभिन्न स्कूलों से आए खेल शिक्षकों और छात्रों को फुटबॉल प्रदान किया।

## डीलिस्टिंग कानून की मांग लेकर जनजाति सुरक्षा मंच की कार्यशाला



**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच का 24 मई को दिल्ली में होने वाले डीलिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारी को लेकर पटेलपारा स्थित उरांव समाज घर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी रणनीति पर चर्चा की। राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत ने कहा कि हमारा उद्देश्य जनजाति समाज को एकजुट करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। हम सरकार से मांग करेंगे कि वह जनजाति समाज की मांगों को सुने और उन्हें पूरा करें। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि हम जनजाति समाज के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। दिल्ली के आंदोलन के लिए अभी नहीं तो कभी नहीं के भाव के साथ समाज को लगना होगा। अब बाबा कार्तिक उरांव के अधूरे सपने को पूरा करने का समय आ चुका है। संरक्षक बंशीधर उरांव ने कहा कि हमें अपने धर्म, संस्कृति, पूजा पद्धति को कभी नहीं भूलना चाहिए तभी हमारा समाज संरक्षित रहेगा। जिला संयोजक बिहारीलाल उरांव ने कहा कि आंदोलन में सरगुजा के प्रत्येक गांव से 15 लोग और जिला से 5 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे और अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ेंगे। कार्यशाला का संचालन प्रांत सहसंयोजक इन्दर भगत ने किया। कार्यशाला में महेश्वर राम, वासुदेव राम, लालदेव भगत, जयंती भगत, बलराम भगत, राइज बईगा मानकेश्वर भगत, महेश भगत, रज्जू राम, कलमू लकड़ा, नेतराम, गोपाल राम, श्री राम भगत, सुरेन्द्र भगत, मानसून भगत, पवन पूर्णाहूति भगत, सचिन भगत, रामबिहारी सिंह पैकरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिलफिली कालेज में युवा उत्सव व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में युवा उत्सव व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अमित बनाफर ने की,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति सदस्य व मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े थे,अन्य अतिथियों में डॉ.रवींद्र तिग्गा,उद्यानिकी कथा वानिकी महाविद्यालय सिलफिली एवं ललित भगत कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, शोभनाथ राजवाड़े,राजेश कुशवाहा,विनोद शाह उपस्थित रहे,कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृति की देवी मां शारदा के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से किए,साथ ही पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात छात्राओं जैतुन निशा तथा नुसरत खातून ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया,छात्राओं जैतून निशा, नुसरत खातून तथा ज्योति राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ राजगीत अरपा पैरी के धार के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुनीता ने तथा दूसरा स्थान विशाखा ने प्राप्त किया,समूह नृत्य प्रतियोगिता में स्वाति मिंज,ज्योति राजवाड़े,रेशमा राजवाड़े,आरती राजवाड़े तथा भारती राजवाड़े के समूह ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों तथा अतिथियों का मन मोह लिया,वे समूह नृत्य प्रतियोगिता के विजेता रहे, मिर्जावती तथा उसके साथियों ने नशामुक्ति पर आधारित मनमोहक तथा मनोरंजन नाटक प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



## उरांव समाज संपर्क समिति का गठन एवं मूली पड़हा कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**अंबिकापुर।** उरांव समाज मूली पड़हा की बैठक उरांव समाज कार्यालय अतखा पड़हा गंगापुर में आयोजित की गई। बैठक में राजकुमारी सिंगी दई महिला संगठन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मंजरी भगत शामिल हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला इकाई मूली पड़हा अंबिकापुर के कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी में बेल-मंगल उरांव, देवान-उमेश कुमार भगत, उप देवान-रामनाथ भगत, मनराज भगत, रकम उरबस- संजीव कुमार भगत, उप रकम उरबस-मंगल साय, विनय निकुंज, करटहा/बईगा-बीरबल भगत, कहतो-भारतेंदु भगत, कोटवार-बनवीर भगत, पंच-अनिल लकड़ा, चंद्रबली लकड़ा, बाल कुसुम निकुंज, विगन साय भगत, परशुराम भगत, सलाहकार-सुभाष चंद्र भगत, युगल किशोर निकुंज, हरि लाल एक्का, विश्राम भगत, बसंत टोप्पो, विष्णु प्रजापति को शामिल किया गया। मूली पड़हा क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर, लखनपुर, उदयपुर, लुंड्रा ब्लॉक में निवासरत उरांव समाज के लोगों से संपर्क स्थापित कर उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने , सामाजिक , आर्थिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, कला, धर्म और संस्कृति, रोजगार इत्यादि के विकास और शासन प्रशासन के विभिन्न योजनाओं को उन तक प्रचारित प्रसारित करने हेतु उरांव समाज संपर्क समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष शिवनाथ भगत, उपाध्यक्ष मंजरी भगत, मनराज भगत, सचिव सद्दू राम बड़ा, कोषाध्यक्ष सहदेव भगत, उपकोषाध्यक्ष महेश भगत, संरक्षक रामकमल भगत, कौशल प्रजापति, सदस्य अनिल मिंज, प्रमिना भगत, अनिल लाकड़ा, देवनाथ भगत आदि शामिल रहे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

साईं कॉलेज के वार्षिकोत्सव में मेधावी हुए सम्मानित

## सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से होता है सर्वांगीण विकास- प्रो.लाकपाले

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। जिस शिक्षण संस्थान में ऐसी गतिविधियां होती हैं वहां विद्यार्थियों को एक नया अवसर व मंच मिलता है। यह बातें बुधवार को श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने कही।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अगला कदम आपका होगा। आप अपने अंदर विश्लेषण करें और आगे बढ़े। जो नहीं मिला उसका गम नहीं, जो मिला है वो कम नहीं। मुस्कराहटों के साथ आगे बढ़िये जिन्दगी आपका इंतजार कर रही है। छात्र संघ अध्यक्ष दीप्ति यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कुलपति का सानिध्य हमें गौरवान्वित करता है और विद्यार्थियों को प्रेरणा देता है। 2003-04 में 15 अगस्त 2003 से स्थापित महाविद्यालय के स्थापना का उद्देश्य अंचल के विद्यार्थियों को प्रेरणा देता है। 2003-04 में 15 अगस्त 2003 से स्थापित महाविद्यालय के स्थापना का उद्देश्य अचंल के विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर के साथ रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है। महाविद्यालय एसजीजीयू से स्थायी सम्बद्धता तथा यूजीसी नैक मूल्यांकन में बी डबल प्लस श्रेणी प्राप्त है। एनसीटीई तथा एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय में विभिन्न विभागों में स्नातक के पाठ्यक्रम एवं चार वर्षीय इंट्रीग्रेटेड बीएससी, बीएड का पाठ्यक्रम संचालित है। हमारे महाविद्यालय में 12 विषयों स्नातकोत्तर तथा 12 विषयों में शोध कार्य हो रहे हैं। सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि यह योग्यता के सम्मान का अवसर है। जो पुरस्कृत हो रहे हैं वे दूसरे के लिए प्रेरक भी होंगे। पूर्व डीआईजी जयंत थोरात ने कहा कि आप जिन्दगी के उस पड़ाव पर हैं जहा से जिन्दगी को एक नयी गति मिलेगी। परिवार और शिक्षकों से हमें संस्कार मिलता है जो जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। अतिथियों ने महाविद्यालय से प्रकाशित रिसर्च जर्नल रिसर्च जोन तथा कम्प्यूटर एंड आईटी विभाग के अध्यक्ष डॉ.विवेक कुमार गुप्ता तथा उनके साथियों द्वारा लिखी दो पुस्तक कम्प्यूटर फंडामेंटल एंड एमएस ऑफिस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, एआई एंड इट्स एप्लीकेशन का अनावरण किया। इस दौरान कॉलेज के सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411